# आरती – भटियाणी जसोल माता की

जय भटियाणी माता, मैया जय भटियाणी माता,
सुख सम्पति म्हने दीजो, सुख सम्पति म्हने दीजो,
दुःख हर लो माता, मैया जय भटियाणी माता ।।

विपदा हरणी माता, दुष्ट दलन माता,
ओ मैया दुष्ट दलन माता, रोग पीड़ा सब हर लो,
रोग पीड़ा सब हर लो, सद बुद्धि दो माता ।। मैया जय ...

नाम स्वरूपा माता, मूरत मन भावे,
मैया मूरत मन भावे, नर नारी सब ध्यावे,
नर नारी सब ध्यावे, इच्छा फल पावे।। मैया जय ...

कुर्ती अंगिया माता, लहंगा मुलतानी,
ओ मैया लहंगा मुलतानी, हार गले अति सोहे,
हार गले अति सोहे, भटियाणी महारानी।। मैया जय ...

सिर पर रखडी माता, चुडला हद सोहे,
ओ मैया चुडला हद सोहे, पग में पायल बिछिया,
पग में पायल बिछिया, झांझर झनकावे ।। मैया जय ...

लड्डू जलेबी चढ़े, ज्योत जगे भारी,
ओ मैया ज्योत जगे भारी, धुप दीप करे सब ही,
धुप दीप करे सब ही, बाजे नौबत बाजा ।। मैया जय ...

माँ भटियाणी री आरती, जो कोई नर गावे,
मैया जो कोई नर गावे, दुःख दरिद्र जावे,
दुःख दरिद्र जावे, सुख सम्पति पावे ।। मैया जय ...

माजिसा भरे भंडारा, गुण गाऊं मैं थारा,
ओ मैया गुण गाऊं मैं थारा, आरती सेवक गावे,
आरती सेवक गावे, भाग्य खोलो म्हारा ।। मैया जय ...